बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

**विज्ञापन सं०–108/2025,** नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार के अन्तर्गत सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी के कुल–54 (चौवन) रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य भारतीय उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bihar.gov.in** पर प्रदर्शित है। इन रिक्त पदों की कोटिवार विवरणी निम्नवत है:–

(क)

| क्र.सं. | कोटि | अनुमान्य पदों की कुल संख्या | 35% क्षैतिज आरक्षण के फलस्वरूप कुल पदों में से महिलाओं के लिए अनुमान्य पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित | 18 | 06 |
| 2. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 05 | 02 |
| 3. | अनुसूचित जाति | 10 (08+02 बैकलॉग) | 03 |
| 4. | अनुसूचित जनजाति | 02 (01+01 बैकलॉग) | 00 |
| 5. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 04 | 01 |
| 6. | पिछड़ा वर्ग | 11 (07+04 बैकलॉग) | 02 |
| 7. | पिछड़े वर्गों की महिलाएँ | 04 (03+01 बैकलॉग) | 00 |
| | कुल | 54 | 14 |

(ख)

| | |
|---|---|
| सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक– 2526, दिनांक– 18.02.2016 के आलोक में राज्य के वैसे स्वतंत्रता सेनानियों जिन्हें केन्द्र द्वारा पेंशन स्वीकृत है, के पोता/पोती/नाती/ नतीनी के लिए आरक्षित (2%) कुल पदों की संख्या | 01 |

(ग)

| सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–962, दिनांक–22.01.2021 द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–2016 के आलोक में दिव्यांगता से ग्रस्त उम्मीदवारों को क्षैतिज आरक्षण निम्नवत् देय होगा– | | |
|---|---|---|
| (i) | दृष्टि बाधित (VI) | 01 |
| (ii) | मूक बधिर (DD) | 03 |
| (iii) | चलन दिव्यांगता (OH) | 01 |
| (iv) | मनोविकार/बहुदिव्यांग (MD) | 00 |

नोट:–(i) सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के संकल्प ज्ञापांक–962, दिनांक–22.01.2021 के आलोक में 03 पद (दृष्टि बाधित–01 पद एवं मूक बधिर–02 पद) अनारक्षित वर्ग में अनुमान्य है।

(ii) अधियाची विभाग द्वारा प्राप्त अधियाचना में संशोधन होने पर प्रकाशित रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

2. वेतनमान:– वेतन स्तर–7 (पुनरीक्षित)
3. शैक्षणिक योग्यता :– किसी परिनियत विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र/पर्यावरण विज्ञान में स्नातक अथवा रसायन/सिविल/पर्यावरण विज्ञान/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण/जैव प्रावैधिकी में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग/ बी०टेक० की डिग्री अथवा प्लानिंग/आर्किटेक्चर में बैचलर की डिग्री।

   Bachelor Degree in Chemistry/Environmental Science or Bachelor of Engineering in Chemical/Civil/ Environmental Science/Public Health Engg./Bio Technology or Bachelor Degree in Planning/Architecture from a recognized University.

नोट:–(i) उपरोक्त अंकित विषय से प्राप्त **Bachelor of Engineering** के समकक्ष डिग्री **(B.E/B.Tech/ B.Sc (Engg.)/B.S.)** भी मान्य होंगे एवं **B.Sc. Environment & Water Management** को **B.Sc. Environment Science** के समकक्ष तथा **B.Sc. Bio Technology Hons.** को **B.E./B.Tech. Bio Technology** के समकक्ष माना जायेगा।

(ii) स्नातक स्तर पर **Subsidiary/Optional** विषय के रूप में रसायन शास्त्र/पर्यावरण विज्ञान विषय पठित अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। स्नातक स्तर पर रसायन शास्त्र/पर्यावरण विज्ञान विषय मुख्य विषय (प्रतिष्ठा) के रूप में पठित अभ्यर्थी अथवा स्नातक वर्ष के सभी सत्र में उक्त विषय पठित अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र होंगे।

